साई अपना बना लीजिये | by Sandeep Ganglas

साई अपना बना लीजिये
सबको जलवा दिखा दीजिये

मैंने सुना साईं करता भला है
जिसने जो माँगा उसको मिला है
जो कोई मेरी भूल हो बाबा मन से हटा दीजिये
साई अपना बना लीजिये

कौन है अपना कौन पराया
द्वार तेरे पे समझ में आया
सारे जग ने है ठुकराया कुछ तो कृपा कीजिए
साई अपना बना लीजिये

हर पल हर क्षण साथ में रहते
सबके दुखों को ये सह लेता
राजा हो या कोई भिखारी सब पर दया कीजिये
साई अपना बना लीजिये

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%88-%e0%a4%85%e0%a4%aa%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%b2%e0%a5%80%e0%a4%9c%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a5%87-by-sandeep-gangla/